क्वीन्सलैंड में किंडी

किंडी क्या होता है?

किन्डरगार्टन, जिसे किंडी कहा जाता है, प्रेप (Prep) (क्वीन्सलैंड में स्कूल जाने का पहला साल) से एक साल पहले, बच्चों को प्रदान की जाने वाली एक अंश-कालिक शैक्षिक योजना है। किंडी एक ऐसी जगह है जहाँ आपका बच्चा खेल के अनुभवों और बातचीत के ऐसे माध्यमों द्वारा सीखेगा, जो उसकी प्रारंभिक शिक्षा, सकुशलता और विकास में सहायता करते हैं।

किंडी में भाग लेने से, बच्चों में सीखने के प्रति प्रेम विकसित होता है और उन्हें प्रेप (Prep) की ओर बढ़ने में सहायता मिलती है।

क्वींसलैंड सरकार द्वारा अनुमोदित किंडी कार्यक्रम बचपन की प्रारंभिक शिक्षा के एक योग्य शिक्षक द्वारा वितरित किए जाते हैं। किंडी कार्यक्रम बचपन की प्रारंभिक शिक्षा वाले केंद्रों पर प्रस्तुत किए जा सकते हैं; या फिर चयन किए गए ग्रामीण और दूरदराज़ और अन्य चयनित राज्य स्कूलों में जहाँ किंडरगार्टन की सुलभता में बाधाएं हैं; और उन बच्चों के लिए किसी केंद्र तक नहीं पहुँच पाते हैं, उनके लिए दूरस्थ शिक्षा (distance education) या eKindy के माध्यम से प्रदान किए जा सकते हैं।

किंडी में सीखना

किंडी छोटे बच्चों को निम्नलिखित अवसर प्रदान करती है:

- विचारों, भावनाओं और आवश्यकताओं को बताने के लिए भाषा का उपयोग करना
- मित्र बनाना, बातचीत करना और दूसरों के साथ सहयोग करना
- मुद्दों की पहचान करना और समस्याओं का समाधान निकालने का कौशल विकसित करना
- अपनी क्षमताओं में अधिक आश्वस्त और स्वतंत्र बनना
- उनकी दुनिया से जुड़ना, अन्वेषण करना और उसमें योगदान करना
- उनके ज्ञान का निर्माण करना और नए विचारों का पता लगाना, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलती है।

क्या आपने सुना है?

Free KINDY from 2024

Free KINDY

Queensland Government

भर्ती कैसे करवानी है

क्वींसलैंड में, बच्चे प्रेप (Prep) शुरू करने से एक साल पहले किंडी में जा सकते हैं।

प्रत्येक सेवा अलग है और कुछ में प्रतीक्षा सूची हो सकती है, इसलिए अपने बच्चे की भर्ती करवाने के सर्वोत्तम समय के बारे में अपनी चुनी हुई सेवा से बात करना एक अच्छा विचार है।

किंडी में भाग लेने के लिए यह ज़रूरी है कि उस वर्ष की 30 जून तक आपके बच्चे की आयु 4 वर्ष की हो जिस वर्ष उनका नामांकन कराया जाता है।

बच्चा की जन्म तिथि	बच्चा किंडी में जा सकता है
1 जुलाई 2019 से 30 जून 2020 तक	2024
1 जुलाई 2020 से 30 जून 2021 तक	2025
1 जुलाई 2021 से 30 जून 2022 तक	2026
1 जुलाई 2022 से 30 जून 2023 तक	2027
1 जुलाई 2023 से 30 जून 2024 तक	2028
1 जुलाई 2024 से 30 जून 2025 तक	2029

अपने बच्चे को भर्ती कराने के लिए आपको किन चीज़ों की ज़रूरत होगी:

- आपके बच्चे का नाम और पता
- उनके माता-पिता, देखभालकर्ता या अभिभावक के रूप में आपके विवरण
- किसी भी अदालती आदेश या पालन-पोषण संबंधी आदेश या योजना का विवरण
- किसी भी अन्य आवश्यक अतिरिक्त सहायता का विवरण (जैसे विकलांगता, खाद्य एलर्जी या अन्य ज़रूरतें)
- जन्म तिथि का प्रमाण (जैसे जन्म प्रमाण पत्र)
- स्वास्थ्य एवं टीकाकरण की स्थिति
- उन लोगों के विवरण जिन्हें आपके बच्चे को ले जाने की अनुमति है और आपात स्थिति में किसे सूचित करना है।

आपकी सेवा इस जानकारी को गोपनीय रखेगी और आप अपने बच्चे के रिकॉर्ड को पूरी तरह से देख सकेंगे।

अपने स्थानीय किंडी प्रदाता से निम्न के बारे में पूछें

Free KINDY from 2024

किसी किंडी कार्यक्रम को चुनना

क्वींसलैंड के सभी बच्चे प्रेप (Prep) से पहले वाले वर्ष में एक अनुमोदित किंडरगार्टन कार्यक्रम में भाग लेने के पात्र हैं।

एक अनुमोदित किंडरगार्टन कार्यक्रम सरकारी दिशानिर्देशों को पूरा करता है, और:

- एक शिक्षण कार्यक्रम है जिसे सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार, बचपन की प्रारंभिक शिक्षा के योग्य शिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाता है
- आमतौर पर प्रेप (Prep) से पहले वाले वर्ष में बच्चों के लिए सप्ताह में 15 घंटे, वर्ष में 40 सप्ताह के लिए करवाया जाता है
- क्वींसलैंड किंडरगार्टन शिक्षण दिशानिर्देशों या अन्य क्वींसलैंड पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्राधिकरण के मान्यता प्राप्त शिक्षण कार्यक्रम के साथ संरेखित होता है।

क्वींसलैंड सरकार द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम की पहचान करने में सहायता के लिए, 'किंडी टिक अनुमोदन का चिन्ह' देखें, जो छवि नीचे दी गई है।

FREE Kindergarten Approved Program

Queensland Government

2024 से निःशुल्क किंडी

क्वींसलैंड सरकार क्वींसलैंड के सभी परिवारों के लिए किंडी निःशुल्क कर रही है।

1 जनवरी 2024 से पात्र आयु वर्ग के उन बच्चों के लिए किंडी निःशुल्क होगी जो निःशुल्क किंडी की पेशकश करने वाले, सरकार द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम में भाग लेते हैं।

यह प्रति सप्ताह 15 घंटे, प्रति वर्ष 40 सप्ताह, बचपन की प्रारंभिक शिक्षा के एक योग्य शिक्षक द्वारा निःशुल्क पढ़ाई जाती है।

परिवार किंडी का चुनाव थोड़े समय वाली (sessional) किंडरगार्टन में या पूरे दिन की (long day care) देखभाल के रूप में कर सकते हैं।

अपनी निकटतम निःशुल्क किंडी ढूंढें, यहाँ जाएं: www.qld.gov.au/FreeKindy

230233